दिनांक-29फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अब तक पांच स्थानों में खुला बर्तन बैंक , किराया में बर्तनों को देकर अर्जित कर रहे हैं आय

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अब तक पांच स्थानों के बर्तन बैंक खोला जा चुका है जिसमें 5 क्षेत्र स्तरीय संगठनों की अहम भूमिका रही है! गौरतलब है कि बर्तन बैंक की शुरुआत महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार से की थी , जिसके बाद लगातार अन्य क्षेत्रों में बर्तन बैंक की स्थापना की गई है! दीनदयाल अंत्योदय योजना , राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत क्षेत्र स्तरीय संगठन को आवर्ती निधि के रूप में मिलने वाले 50000 रुपए से उन्होंने बर्तन खरीदकर बर्तन बैंक की स्थापना की है, बर्तनों के साथ-साथ किराए पर देने के लिए कढ़ाई, मग, प्लेट, थाली, चम्मच, गिलास, कटोरा, चूल्हा, गंजी, कुर्सी, गद्दा, चादर, दरी, जार आदि भी खरीदा है! अब इन सामग्रियों को किराए पर देने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है जिससे होने वाले आय से महिलाएं और सशक्त बन रही है! शहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने एक नई पहल की शुरुआत की है! प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न कर विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग के लिए स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग किया जा सकता है!

जनसंपर्क अधिकारी